Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 25-07-2006

Participants : Athawale Shri Ramdas

an>

Title : Need to provide scholarship to SC/ST/OBC/Minority students studying in Central Schools situated in Delhi.

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : अध्यक्ष महोदय, राजधानी दिल्ली स्थित केन्द्रीय विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त कर रहे अनु0जा0/अनु0ज0जा0/अ0पि0व0/अल्पसंख्यक के पात्र छात्रों को दिल्ली सरकार के अनु0जा0/अनु0ज0जा0/अ0पि0व0/अल्पसंख्यक विभाग द्वारा दी जाने वाली मेधावी छात्रवृत्ति पर ए0जी0सी0आर0 ने र्वा 2005-06 में इस आधार पर ऑडिट ऑब्जेक्शन लगाया है कि केन्द्रीय विद्यालय केन्द्र सरकार के अधीन है। जबकि र्वा 2004-05 तक दिल्ली सरकार के अनु0जा0/अनु0ज0जा0/अ0पि0व0/अल्पसंख्यक विभाग द्वारा राजधानी दिल्ली स्थित केन्द्र विद्यालयों और अन्य समस्त विद्यालयों/कॉलिजों में शिक्षा प्राप्त कर रहे अनु0जा0/अनु0ज0जा0/अ0पि0व0/अल्पसंख्यक के पात्र छात्रों को मेधावी छात्रवृत्ति दी जाती रही है और ए0जी0सी0आर0 ने भी र्वा 2004-05 तक केन्द्रीय विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त करने वाले इस श्रेणी के पात्र छात्रों को उक्त विभाग द्वारा दी जाने वाली मेधावी छात्रवृत्ति पर कोई ऑडिट ऑब्जेक्शन/अंकुश नहीं लगाया था।

मेरा सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि केन्द्र सरकार के ए0जी0सी0आर0 को राजधानी दिल्ली के केन्द्रीय विद्यालयों और केन्द्रीय विश्वविद्यालय के अंतर्गत विभिन्न कॉलेजों में शिक्षा प्राप्त करने वाले उक्त श्रेणी के पात्र छात्रों को दिल्ली सरकार के अनु0जा0/अनु0ज0जा0/अ0पि0व0/अल्पसंख्यक विभाग द्वारा दी जाने वाली मेधावी छात्रवृत्ति पर ऑडिट ऑब्जेक्शन/अंकुश न लगाये जाने तथा राजधानी दिल्ली के केन्द्रीय विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त कर रहे उक्त श्रेणी के पात्र छात्रों के लिए उक्त विभाग ने र्वा 2005-06 में जो मेधावी छात्र वृत्ति स्वीकृत की थी, जिस पर ए0जी0सी0आर0 द्वारा र्वा 2005-06 में ऑडिट ऑब्जेक्शन/अंकुश लगाया गया है, उसको तत्काल प्रभाव से हटाये जाने हेतु निर्देश दें।

MR. SPEAKER: Shri Ganesh Singh.